दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।



RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरुवार 20 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 114

## कोरोना ने तीन दिन राहत के बाद फिर मचाया कहर : पिछले 24 घंटे में 282970 नए मामले, 441 लोगों की मौत

**» सक्रीय मरीजों का आंकड़ा 19 लाख के नजदीक**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में पिछले तीन दिनों में कोरोना वायरस के नए केसों में जो कमी देखी गई वह फिर बढ़ोतरी में बदल गई और पिछले एक दिन में चालीस हजार के उछाल लेकर कोरोना के 2,82,970 नए मामले सामने आए और 441 लोगों की मौत दर्ज गई। वहीं अब सक्रीय मामलों का आंकड़ा बढ़ते हुए 18.95 लाख के पार जा पहुंचा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी ताजा आंकड़ो के मुताबिक देश में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 2,82,970 केस सामने आए और 441 लोगों की मौत हो गई। इस प्रकार अब देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,79,01,241 हो गई, जिसमें दैनिक पॉजिटिविटी रेट 15.31 प्रतिशत और वीकली पॉजिटिविटी दर 15.53 फीसदी है। इस बीच राहत की बात ये



रही कि 1.88 लाख लोग स्वस्थ होकर घर भी गए। देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर घटकर 93.88 प्रतिशत है। दूसरी ओर चिंता की बात है कि देश में कोरोना उपचाराधीन सक्रीय मरीजों की संख्या बढ़कर 18,31,000 हो गई है, जो कुल मामलों का 4.83 प्रतिशत है। जबकि इस दौरान 441 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,87,202 हो गई। देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर घटकर 93.88 प्रतिशत है।

**किशोरों का टीकाकरण 3.96 लाख के पार-** देश में कोरोना के खिलाफ जंग में चल रहा टीकाकरण अभियान में इस नए साल के शुरुआत में 15-18 साल के बच्चों को वैक्सीन देने का अभियान शुरु हुआ था। आज उसमें एक और उपलब्धि जुड़ गई है। मसलन अब तक 15-18 साल के 3,95,69,731 यानि 50 फीसदी से ज्यादा आबादी को कोरोना की पहली डोज लग चुकी है। जबकि देश में 159.57 करोड़ से ज्यादा टीकाकरण हो चुका है, जिसमें 92.03 से ज्यादा पहली डोज और 66.94 करोड़ दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा इसी महीने शुरू हुई बूस्टर डोज लेने वालों की संख्या भी 60.14 लाख से ज्यादा हो गई है।

**देश में ऐसे बढ़ रहे मामले-** देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और उस साल 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

**ओमिक्रॉन वैरिएंट के 9 हजार मामले-** कोरोना के बढ़ते केसों के बीच थोड़ी सी राहत यह भी है कि इस बार दूसरी लहर की तरह ज्यादातर लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही है। यही नहीं जिस ओमिक्रॉन वैरिएंट के तेजी से फैलने के दावे किए जा रहे थे, उसके मामले भारत में बहुत ज्यादा नहीं हैं। देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले फिलहाल 8,961 ही हैं। इससे साफ है कि तीसरी लहर में जो नए केस मिल रहे हैं, उसकी वजह ओमिक्रॉन वैरिएंट नहीं है बल्कि डेल्टा वैरिएंट के चलते ऐसा हो रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट पर कहर बनकर टूटा कोरोना, 10 जज कोविड पॉजिटिव

**» कई कर्मचारी भी हुए संक्रमित**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट पर कोरोना कहर बनकर टूट पड़ा है। देश कीसर्वोच्च अदालत के दस जज इसकी चपेट में आ गए हैं। महामारी के संक्रमण ने कामकाज को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों के संक्रमित होने की दर 30 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। हल्के लक्षण वालों को होम आइसोलेशन में ही रखा गया है। चीफ जस्टिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के 32 जजों में से अब तक 10 जज कोरोना पॉजिटिव हुए हैं। दो संक्रमित न्यायाधीशों (जस्टिस के एम जोसेफ और पीएस नरसिम्हा) ने निगेटिव होकर फिर से काम करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में आठ जज कोविड से संक्रमित हैं। उन्हें होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है।

डॉ. श्यामा गुप्ता के नेतृत्व में केंद्र सरकार की एक मेडिकल टीम संक्रमित न्यायाधीशों और कर्मचारियों की चिकित्सा आवश्यकताओं की देखभाल के लिए लगभग चौबीसों घंटे काम कर रही है। हर दिन करीब 100-200 आरटी-पीसीआर जांच कर रही है। संक्रमण दर लगातार 30त्न के आसपास है। सूत्रों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में लगभग 1500 कर्मचारियों में से 400 ने अब तक महामारी की तीसरी लहर में सकारात्मक परीक्षण किया है।

सुप्रीम कोर्ट में सीजीएचएस केंद्र में पांच डॉक्टरों में से तीन ने सकारात्मक परीक्षण किया है। उन्हें भी आइसोलेशन में रखा गया है। इससे डॉ. गुप्ता की टीम पर दबाव बढ़ गया है। 9 जनवरी को चार न्यायाधीशों ने सकारात्मक परीक्षण किया था। एक हफ्ते के भीतर संक्रमित जजों की संख्या दोगुनी हो गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कड़ाके की सर्दी बनी काल,ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक से पांच लोगों ने दम तोड़ा

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के कानपुर में कड़ाके की सर्दी मरीजों के लिए काल बन रही है। बुधवार को पांच लोगों ने ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक से दम तोड़ दिया। कार्डियोलॉजी और चेस्ट अस्पताल की इमरजेंसी में मरीज बढ़ गए हैं। भर्ती कराए जाने वाले 70 फीसदी मरीज सर्दी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित हैं। सर्दी सांस के मरीजों,डायबिटीज और ब्लड प्रेशर रोगियों की जान पर आफ्त बन चुकी है। मरने वालों में बर्रा-2 निवासी दिलीप कुमार पटेल (52) को ब्रेन स्ट्रोक पड़ गया। हैलट लाते समय मौत हो गई। केशवपुरम निवासी जगदीश सोनकर (60) की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्लागंज निवसी नंदकिशोर तिवारी (70) की मौत ब्रेन स्ट्रोक से हुई है,उन्हें तड़के उर्सला इमरजेंसी लाया गया था। लाल बंगला निवासी जंगीलाल (65) की कार्डियोलॉजी ले जाते समय मौत हो गई। तड़के चार बजे हार्ट अटैक पड़ा था। बासमंडी निवासी दिलशाद सुल्ताना (55) की मौत चमनगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में हुई। वह ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित थीं। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इमरजेंसी में मरीजों की संख्या बढ़ी है।

### दो बैग में से 36 किलो चांदी मिली

**मथुरा (आरएनएस)।** एफ्एसटी टीम व थाना बल्देव पुलिस की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान दो व्यक्तियों से 36 किलो 300 ग्राम चांदी के घुंघरूओं से भरे दो बैग बरामद किए हैं। चैकिंग अभियान के तहत एफ्एसटी टीम और थाना बल्देव पुलिस चैकी अरतौनी के सामने चैकिंग कर रही थी। टीम ने जितेन्द्र कुमार पुत्र बच्चू सिंह निवासी ग्राम विसावर थाना सादाबाद जिला हाथरस से 23 किलो 800 ग्राम व साहब सिंह पुत्र लीलाधर निवासी बिसावर से 12 किलो 500 ग्राम (कुल 36 किलो 300 ग्राम) चांदी के घुंघरुओं से भरे दो बरामद किए। जिसके सम्बन्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रभारी जीएसटी मथुरा व उप जिलाधिकारी महावन मथुरा को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

### कोविड में 151 फीसदी बढ़े साइबर अपराध

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोविड महामारी में विश्व की अधिकतर कंपनियों ने खुद को डिजिटल किया, लेकिन इसी वजह से रैनसम-वेयर सहित विभिन्न साइबर अपराध 151 प्रतिशत बढ़ गए। वर्ष 2021 को लेकर यह खुलासा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में वैश्विक साइबर सुरक्षा आउटलुक रिपोर्ट 2022 में किया गया। रिपोर्ट के अनुसार हर एक कंपनी ने औसतन 270 साइबर हमले बीते वर्ष में सहे। इन साइबर हमलों में एक भी सफल होने पर कंपनी को औसतन 27 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यहीं नहीं, पिछले साल जिस भी कंपनी पर ऐसे सफल हमले हुए, उसके शेयरों के दाम नैस्डेक पर घट गए।यह घटना के छह महीने बाद भी 3 प्रतिशत तक नीचे हैं। फोरम के अनुसार आज 80 प्रतिशत साइबर लीडर मानते हैं कि रैनसम-वेयर न केवल कंपनियों, बल्कि जन सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन चुके हैं। इसे लेकर दृष्टिकोण का भी संकट है, कंपनियों के कार्यकारी अधिकारी कंपनी को सुरक्षित मानते हैं, लेकिन सुरक्षा अधिकारी सहमत नहीं।

### आईएनएस रणवीर पर धमाके में तीन नौसैनिकों की हुई मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के मुंबई स्थित डॉकयार्ड पर आईएनएस रणवीर में एक धमाके में नौसेना के तीन कर्मी मारे गए और 11 घायल हो गए हैं.नौसेना ने बताया है कि घायलों का इलाज मुंबई स्थित नेवी के अस्पताल में चल रहा है. नौसेना ने बयान जारी कर कहा है कि धमाका जहाज के आंतरिक कक्ष में हुआ. बताया गया कि जहाज के चालक दल के सदस्यों ने हालात पर तुरंत काबू पा लिया. भारतीय नौसेना ने कहा, कोई बड़ी सामग्री क्षति की रिपोर्ट नहीं है. आईएनएस रणवीर नवंबर 2021 से पूर्वी नौसेना कमान से क्रॉस-कोस्ट ऑपरेशनल तैनाती पर है और जल्द ही अपने बेस पोर्ट पर लौटने वाला था. इसी दौरान जहाज में धमाका हुआ. भारतीय नौसेना ने तुरंत यह नहीं बताया कि धमाका किस कारण से हुआ।

## भाजपा में शामिल हुईं मुलायम की छोटी बहू अपर्णा यादव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पांचों राज्यों में चुनाव होने हैं सभी पार्टियां अपने पूरे दम के साथ चुनाव में उतरने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के कुछ नेता समाजवादी पार्टी में चले गए लेकिन अब अखिलेश यादव को तगड़ा झटका लगा है और मुलायम सिंह की छोटी बहू अर्पणा यादव बीजेपी में शामिल हो गई है। और अपना को दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल होने के बाद अर्पणा यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों से प्रभावित होकर कहा कि मैं भाजपा की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझे देश की सेवा करने का मौका दिया । मेरे लिए देश हमेशा पहले आता है। अर्पणा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर और उनके स्वच्छ भारत मिशन हो या महिला स्वालंबी योजना भाजपा की सभी योजनाओं से प्रभावित हमेशा रही हूं। यादव ने कहा कि मैं राजनीति करने नहीं आई हूं मैं राष्ट्र प्रथम की भावना से राष्ट्र की आराधना करने निकली हूं। भारतीय जनता पार्टी में रहकर अपनी क्षमता के अनुसार देश और उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करूंगी।



## प्रवासी मजदूरों के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का नहीं हो रहा पालन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा गया है कि प्रवासी मजदूरों के वेलफेयर के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश जारी किया था उस आदेश का कुछ राज्य और केंद्र सरकार पालन नहीं कर रहे हैं। याचिका में गुहार लगाई गई है कि आदेश के पालन संबंधित स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए केंद्र और राज्यों से कहा जाए। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम देखते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता हर्ष मंदर, अजंली भारद्वाज और जगदीप चोकर की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 29 जून 2021 को प्रवासी वर्करों को राशन देने से लेकर कम्युनिटी किचन आदि को लेकर आदेश पारित किया था लेकिन आदेश का पालन नहीं हो रहा है इस बारे में राज्यों से स्टेटस रिपोर्ट मांगा जाए। 29 जून 2021 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश भर के तमाम राज्य वन नेशन वन राशन कार्ड की स्कीम 31 जुलाई तक लागू करें।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश-** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को कहा था कि जब तक कोविड महामारी की स्थिति बनी रहती है तब तक वह कम्युनिटी किचन चलाएं और प्रवासी मजदूरों को सूखा राशन मुहैया कराएं। गैर संगठित मजदूरों और प्रवासी मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल का काम पूरा नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के श्रम व रोजगार मंत्रालय को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि ऐसा दिखता है कि प्रवासी मजदूरों की उसे चिंता नहीं है और मिनिस्ट्री का रवैया बेपरवाह है जो अक्षम्य है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि प्रवासी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी किया जाए ताकि उन्हें राज्य और केंद्र सरकार के सरकारी और वेलफेयर स्कीम का लाभ मिल सके।

**कम्यूनिटी किचन पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश-** सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर कहा था कि प्रवासी मजदूरों को सूखा अनाज देने के लिए जो अतिरिक्त अनाज की डिमांड है उस डिमांड को केंद्र सरकार पूरी करे। राज्य सरकारें इसके लिए केंद्र से जो अतिरिक्त डिमांड करती हैं उसे पूरा किया जाए। राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाता है कि जब तक कोविड महामारी है तब तक वह मजदूरों को मुफ्त सूखा अनाज मुहैया कराएं।

## अफ्रीका के माली में फंसे झारखंड के मजदूर पहुंचे भारतीय दूतावास

**» वतन वापसी की बढ़ी उम्मीदें**

**गिरिडीह (आरएनएस)।** झारखण्ड के गिरिडीह जिले के बगोदर समेत अन्य जगहों के अफ्रीकी देश माली में मजदूरों की वतन वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है. माली में फंसे मजदूरों का मामला विदेश मंत्री तक पहुंचने के बाद उन्हें वतन वापसी सुरक्षित लाये जाने का रास्ता साफ होता दिख रहा है. इसको लेकर वहां पर फंसे मजदूरों ने भारतीय दूतावास लाये जाये की सूचना सोशल मीडिया पर शेयर की है. भारतीय दूतावास से इन मजदूरों को वतन वापसी की प्रक्रिया की जायेगी, जिससे उनके घर वापसी की उम्मीदें काफी बढ़ गयी है.



पश्चिमी अफ्रीका के माली में फंसे झारखंड के मजदूर मंगलवार को सकुशल भारतीय दूतावास पहुंचे. यहां पहुंचते ही अब वतन वापसी की उम्मीद इन मजदूरों में काफी बढ़ गयी है. इसको लेकर इन मजदूरों ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया.

अपनी समस्याओं को लेकर इन मजदूरों ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा बतायी. इसको लेकर विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए इस पर पहल शुरू किया. वहीं, मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दिया कि अब वो भारतीय दूतावास पहुंच गये हैं. अब यहां से सकुशल वतन वापसी की उम्मीद बढ़ गयी है. इसको लेकर इन मजदूरों ने केंद्र और झारखंड सरकार दोनों का आभार व्यक्त किया है.

बता दें कि गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर प्रखंड के तिरला, माहुरी और ढिभरा के पांच मजदूर समेत झारखंड के कुल 33 मजदूर एक साल पहले काम करने पश्चिमी अफ्रीका के माली गये थे. यहां मजदूरों को विगत पांच माह से काम कराये जाने के बाद से मजदूरी नहीं दिया जा रहा था. साथ ही मजदूरों को खाने-पीने की समस्या भी हो रही थी. वहीं, मजदूरों ने इसे लेकर भारत सरकार से वतन वापसी की गुहार और बकाया मजदूरी भुगतान की पहल करने की मांग की थी.

इधर, प्रवासी मजदूरों के हित में काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने बताया कि विदेशों में मजदूरों के फंसने की समस्या लगातार बनी हुई है. झारखंड में रोजगार का अभाव होने के कारण यह समस्या बनी हुई है. इस पर सरकार को पहल करनी चाहिए, ताकि रोजगार के अभाव में मजदूर विदेशों में ना फंसे.

## ट्रेन हादसों के बाद एक्शन में भारतीय रेलवे, घने कोहरे और खराब मौसम को लेकर जारी किया विशेष आदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में बीकानेर गुवाहाटी ट्रेन हादसे और दूधसागर कारंजोल (गोवा में) के बीच अमरावती एक्सप्रेस के बेपटरी होने के बाद रेल मंत्रालय एक्शन में आया गया है। मंत्रालय ने घने कोहरे और खराब मौसम के कारण ट्रेनों के साथ हो रहे हादसे को लेकर सभी जोनल रेलवे को कड़े आदेश जारी किए हैं। रेलवे ने जारी आदेश में ट्रेनों के लोको पायलट और गार्ड को निर्देशों के साथ ही सर्द मौसम संबंधी सलाहों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। साथ ही जोनल और डिवीजनल रेलवे के अफसरों से लगातार इंस्पेक्शन करने को कहा गया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा-द्वद्ध) केपी यादव की तरफ से सभी जोनल महाप्रबंधकों को पत्र भेजा गया है। इस पत्र में ट्रेन परिचालन के लिए कोहरे और खराब मौसम में लोको पायलट और गार्डस को ट्रैक पर कोई भी अनियमितता दिखने को लेकर पत्र में निर्देश जारी किए गए हैं। बोर्ड की तरफ से सभी जोन को कहा गया है कि सर्दी के मौसम के देखते हुए तत्काल सभी एहतियाती कदम उठाए जाएं। साथ ही जोनल और मंडल रेल अधिकारियों को भी निरीक्षण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए लगातार इंस्पेक्शन करने की सलाह दी गई हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि सभी जोनल रेलवे द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में बोर्ड को सूचना तत्काल दी जाए। बोर्ड ने हाल ही में सभी जोनल रेलवे के सेफ्टी परफॉर्मेंस की समीक्षा की थी और पाया कि 16 परिणामी दुर्घटनाएं (ट्रेन के पटरी से उतरने की 15 और एक मानव संचालित क्रॉसिंग गेट हादसा) हुई हैं, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक हैं।

## अभी और बढ़ेगी ठंड... बारिश भी होगी, आईएमडी ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के कई राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने संकेत दिए हैं कि अभी ठंड का सितम और बढ़ेगा, इतना ही नहीं कई इलाकों में बारिश का भी अनुमान लगाया गया है। विभाग ने पूर्वानुमान लगाया कि अगले 24 घंटों के दौरान दिन के तापमान में और कमी आने की संभावना है और उत्तर पश्चिम भारत में 21 से 23 जनवरी के बीच बारिश हो सकती है। इस प्रकार कई इलाकों में ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा।

दरअसल, विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान आदि में 24 घंटे तक अधिक ठंड की उम्मीद की जा रही है, हालांकि इसके बाद वहां ठंड धीरे-धीरे कम हो जाएगी क्योंकि हवा की दिशा उत्तर से उत्तर-पश्चिम और फिर पूर्व की ओर बदल जाती है। लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में दिन में ठंड की स्थिति और तेज हो जाएगी। यहां तीन दिनों के लिए ठंडा दिन और घना कोहरा भी रहने की संभावना है।

राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने समझाया कि पश्चिमी विक्षोभ के आने के कारण 22 जनवरी से 24 जनवरी तक बादल छाए रह सकते हैं और फिर से कम तापमान दर्ज किया जा सकता है। विभाग ने बताया कि इस जनवरी में हम एक विशाल क्षेत्र में बेहद कम अधिकतम तापमान देख रहे हैं, उन्होंने कहा कि ठंड के दिनों की स्थिति ने मुख्य रूप से उत्तर और पूर्वी भारत में श्रमिकों को बाहरी और बिजली की मांग को प्रभावित किया है।

एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहा है। इसके साथ ही एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के 21 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। 22 जनवरी को दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में एक प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनने की संभावना है. 21 से 23 जनवरी के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में छिटपुट से मध्यम वर्षा/बर्फबारी की संभावना है। 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग भारी वर्षा/बर्फबारी की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में छिटपुट से लेकर मध्यम वर्षा की संभावना है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान और 22 जनवरी को अधिकतम तीव्रता के साथ 21 से 23 जनवरी के दौरान मध्य प्रदेश में छिटपुट वर्षा। 22 जनवरी को इस क्षेत्र में बिजली के साथ छिटपुट गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 20 से 22 जनवरी के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में व्यापक रूप से हल्की या मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले 3-4 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। अगले 2 दिनों के दौरान राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में रात या सुबह के घंटों में घना से बहुत घना कोहरा रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में अगले 3 दिनों के दौरान कोल्ड डे से लेकर गंभीर कोल्ड डे की स्थिति रहने की संभावना है; उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में और अगले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान में ठंड के दिनों की स्थिति की संभावना है और उसके बाद कम हो जाएगी।

पिछले चार दिनों से उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में ठंड की गंभीर स्थिति दर्ज की जा रही है। सोमवार को अमृतसर का अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 6 डिग्री कम और न्यूनतम 9.8 डिग्री, सामान्य से 7 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं भटिंडा में अधिकतम 11 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 7 डिग्री कम और सामान्य से न्यूनतम 7, 2 डिग्री कम दर्ज किया गया. इसके अलावा हिसार में अधिकतम 13 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 7 डिग्री अधिक और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया, रोहतक में 13.1 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 7 डिग्री कम और अधिकतम 7.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।